p>

Title: Request to government to give compensation to the people affected by Kho river and Ram Ganga river.

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना) : सभापति महोदय, मुझे आपने मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना के किसानों की समस्या को यहां पर रखने का समय दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करना चाहता हूं । महोदय, नगीना लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधान सभा धामपुर में नंदगांव और नाथाडोई गांव में खो नदी के कटान के कारण गंभीर तबाही मची हुई है । वहां पर गंगा नदी है, जो नजीबाबाद से बिजनौर लोक सभा की तरफ जाती है । गंगा नदी ने बगल में पड़ने वाले तमाम गांवों का कटान करके उन गांवों की फसलों को बर्बाद करने का काम किया है, जिसके कारण गोशपुर गांव का तो अस्तित्व ही समाप्त हो गया है ।

दूसरे, राम गंगा नदी ने भी तमाम गांवों के तटों को काटकर तबाह कर दिया है । इस नदी के कटान की वजह से किसानों को जान-माल की भारी क्षति हुई है । इसके साथ ही साथ आवागमन के लिए बनी हुई सड़कें भी तबाह और बर्बाद हो चुकी हैं । रास्ता खराब होने और सड़कों के कटने के कारण किसानों का गन्ना सुगर मिलो तक नहीं जा पा रहा है, जिसकी वजह से किसान बहुत परेशान हैं ।…(व्यवधान) उस क्षेत्र में बिजली भी ठप्प हो चुकी है ।…(व्यवधान) सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि…(व्यवधान) खो नदी द्वारा किसानों को पहुंचाई गई जान-माल की क्षति को मुआवजा के रूप में दिया जाए ।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Shri Malook Nagar is permitted to associate with the issue raised by Shri Girish Chandra.